>

Title: Need to declare right bank canal of Bargi Project in Madhya Pradesh as a National Project.

श्री गणेश सिंह (सतना): मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध बना हुआ है, उसकी दांयी तट नहर से जबलपुर, कटनी, सतना तथा रीवा जिले की 2,45,010 हेक्टेयर की सिंचाई प्रस्तावित है। इससे इन जिलों की 81,53,684 जनसंख्या लाभांवित होगी। उक्त परियोजना को राÂट्रीय परियोजना में शामिल करने हेतु राज्य सरकार ने मार्च 2010 में सभी मानदंडों को पूरा करके केन्द्र सरकार के पास 3797 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता हेतु भेजा है। मैं लगातार लोक सभा में इस लोकहित के मामले को उठाते हुए उक्त परियोजना को राÂट्रीय परियोजना में शामिल करने की मांग करता रहा हूं। माननीय वित्त मंत्री जी ने 17 मार्च, 2011 को मुझे एक पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि उक्त परियोजना को व्यय वित्त समिति (ई.एफ.सी.) के अनुमोदन हेतु भेजा गया है लेकिन अभी तक क्या कार्यवाही हुई, मैं यह जानना चाहता हूं। मेरी मांग है कि बरगी बांध को दांयी तट नहर को राÂट्रीय परियोजना में शामिल किया जाए।